एक नजर में

राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में छठा स्थान प्राप्त किया

खंडवा। मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा 12वीं मध्य प्रदेश स्टेट एयर वेपन गन फॉर ग्लोरी शूटिंग प्रतियोगिता 16 से 23 जुलाई तक जबलपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में खंडवा की संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई ने 10 मीटर पीप साइट एयर राइफल कैटेगरी में हिस्सा लिया और प्रदेश में छठवीं रैंक हासिल की। अब श्रीमती मंडलोई, नेशनल लेवल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि निकिता मंडलोई पिछले एक वर्ष से खंडवा के विक्ट्री शूटिंग क्लब में कोच काशिफ लियाकत से ट्रेनिंग ले रही हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने श्रीमती मंडलोई को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली कावड़ यात्रा

ओंकारेश्वर। श्रावण महीने में कावड़ यात्राओं दौर चल रहा है। विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिर ओकारेश्वर रेवा कावेरी शिक्षण समिति द्वारा पिछले 5 वर्षों से विद्यार्थियों के साथ कावड़ यात्रा निकाली जा रही । इसी क्रम में इस वर्ष नागर घाट से ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग तक कावड़ यात्रा निकाली गई । कक्षा चतुर्थ से कक्षा अष्टम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । नागर घाट से नर्मदा जल भरकर भोले शंभू भोलेनाथ, हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए ओंकारेश्वर ,ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग जल अर्पित किया । कावड़ यात्रा में समिति अध्यक्ष संतोष जोशी,प्रधानाचार्य अरुण खले, समिति सदस्य और आचार्य परिवार ने भी भाग लिया।

सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

खंडवा । मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एम .बी . ओझा ने खंडवा की सर्वोदय कामगार कारीगर सहकारी समिति मर्यादित खंडवा के संचालक मंडल के सदस्यों,पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए उप अंकेक्षक खंडवा श्याम सुंदर केवट को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

पिछले 24 घंटों में हरसूद और पुनासा में 3-3 तथा खालवा में 2 मिली मीटर वर्षा हुई

खंडवा । पिछले चौबीस घंटों में खंडवा जिले में 1 .6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले चौबीस घंटों में हरसूद और पुनासा में 3-3 तथा खालवा में 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज हुई है। जबकि खंडवा और पंधाना तहसीलों में कोई वर्षा दर्ज नहीं हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष 23 जुलाई तक जिले में 332 .6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 232 .4 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 242 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 233 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 162 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 207 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 318 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

आज 24 जुलाई को पर्व की महाआरती एवं 24 अगस्त को होगा 51 जोड़ों द्वारा हवन यज्ञ

खंडवा। सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल एवं श्री झूलेलाल समर्थ पैनल के सयुंक्त तत्वावधान में 40 दिनों तक पूज्य चालिहा पर्व के दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सिंधी समाज के संतों को आमंत्रण दिया गया। पर्व के मौके पर आज महाआरती एवं समापन दिवस पर 51 जोड़ो द्वारा हवन संपन्न होगा। 25 अगस्त को विशाल आम भंडारा होगा। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस बार समाज के युवाओं में पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में समाज की माता, बहनों, बच्चों एवं पुरूषों द्वारा 16 जुलाई से 24 अगस्त तक 40 दिनों के कठिन उपवासों के दौरान नियमित प्रति दिन प्रात : एवं संध्या कॉल में आरती के पूर्व श्रद्धा पूर्वक अख्खा जल देवता का पूजन किया जा कर विश्व में हरियाली खुशाहाली की कामना के साथ अरदास लगाई जा रही है। वही आज शाम 07 बजे समाज के महंत बाबा स्वरूपदास उदासीन की उपस्थिति में पर्व की महाआरती आयोजित होगी। पैनल अध्यक्ष प्रदीप कोटवानी एवं सचिव रजत मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर श्री झूलेलाल समर्थ पैनल के सभी सदस्यों के तन मन धन के सहयोग से आगामी दिनों में समाज के संतों महंतों की उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगें। वही बालकधाम प्रमुख बाबा माधवदास जी उदासीन की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल जी की संध्या आरती का आयोजन गुरूवार 31 जुलाई को होगा। वही 24 अगस्त को पूज्य चालिहा महापर्व की पूर्णाहुति के अवसर पर समाज के 51 जोडो द्वारा सम्पूर्ण विश्व की सर्व मंगल कामना से हवन यज्ञ संपन्न होगा। महापर्व का विशाल आम भंडारा 25 अगस्त को होगा। आयोजनों का लाभ उठाने की अपील मोहन दीवान, धनश्याम संतवानी, अशोक मंगवानी, द्वारकादास मोहननी, संजय सबनानी, निर्मल मंगवानी, किशोर लालवानी, राम वासवानी, निमिश रामसिधानी, मनोहर संतवानी, चंद्रलाल वाधवा, रजत मंगवानी, नरेश लालवानी, सुरेश पंजाबी, आदि सहित श्री झुलेलाल नवयुवक मंडल, श्री झूलेलाल समर्थ पैनल के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगण द्वारा की गयी है।

गणेश तलाई क्षेत्र में राजस्व वसूली हेतु राजस्व विभाग की सख्त कार्रवाई

बकायादारों से 11 लाख रुपए की वसूली

खंडवा। नगर निगम खंडवा के उपायुक्त एस . आर . सिटोले के नेतृत्व में एवं राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत के मार्गदर्शन में नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा गणेश तलाई क्षेत्र में कर वसूली अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत कर बकायादारों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। राजस्व टीम द्वारा किए गए निरीक्षण और दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान दो दुकानों द्वारा कर जमा न करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। साथ ही, एक बकायादार की बाइक को जब्त किया गया, जिसे बाद में कर राशि जमा करने पर वापस कर दिया गया। एक अन्य करदाता की संपत्ति का दोबारा मापन करने पर उसका संपत्तिकर मूल्य में वृद्धि पाई गई, जिससे संबंधित कर की राशि में वृद्धि की गई और उसी अनुसार वसूली की गई। कार्रवाई में 11 लाख की राजस्व वसूली की गई, जिसमें से केवल संपत्तिकर के अंतर्गत 6,71,000 की वसूली की गई। यह कार्रवाई करदाताओं में जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना जाग्रत करने हेतु की गई, जिससे समय पर कर भुगतान को बढ़ावा मिल सके। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग से हरीश दुबे,अभिषेक तिवारी सहित पूरी टीम उपस्थित रही, जिन्होंने नियमानुसार सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की। नगर निगम खंडवा द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि बकायादारों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अधिकारियों ने किया छात्रावासों व आश्रमों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

खंडवा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजातीय एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावास और आश्रम एवं आवासीय परिसर में 1 जुलाई से एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं। कमिश्नर इंदौर संभाग दीपक सिंह ने सभी छात्रावास और आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों के भोजन, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में बुधवार को अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले तथा अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने छात्रावासों व आश्रमों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर श्री बड़ोले ने बुधवार को खालवा में जनजाति सीनियर बालक छात्रावास, अनुसूचित जनजाति सीनियर कन्या छात्रावास, जनजाति बालक क्रीड़ा परिसर तथा उत्कृष्ट बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। श्री बड़ोले ने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में शासन की ओर मिलने वाली सुविधाएं देखीं और उपस्थित अधीक्षकों को विद्यार्थियों को छात्रावासों व आश्रमों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसके अलावा अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने लाल चौकी स्थित सी.डब्ल्यू.एस.एन. दिव्यांग विद्यार्थियों के छात्रावास, जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास खंडवा, जनजातीय सीनियर कन्या छात्रावास खंडवा, जनजातीय महाविद्यालयीन बालक छात्रावास खंडवा, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, जनजातीय पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास खंडवा, तथा पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास पिछड़ा वर्ग का निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में शासन की ओर मिलने वाली सुविधाएं देखीं और उपस्थित अधीक्षकों को छात्रावासों व आश्रमों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई ने ग्राम बोरगांव खुर्द के कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इसके अलावा बलड़ी के जनपद पंचायत सीईओ द्वारा सोमगांव खुर्द के बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर अधीक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायें।

छात्रावास अधीक्षक निलंबित

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौडा ने बताया कि बुधवार को अपर कलेक्टर के आर बडोले ने खालवा के जनजातीय सीनियर उत्कृष्ट बालक शिक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छात्रावास अधीक्षक नंदकिशोर काशीर छात्रावास में निवास नहीं करते हैं। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के डाइनिंग हॉल की साफ -सफाई ठीक नहीं पाई गई तथा भोजन की गुणवत्ता भी ठीक नहीं पाई गई। सीईओ डॉ. गौडा ने बताया कि अधीक्षक,जनजातीय सीनियर उत्कृष्ट बालक शिक्षा केंद्र खालवा श्री काशीर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। निलम्बन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। निलंबन काल में श्री काशीर का मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय खंडवा निर्धारित किया गया है।

फूल माला शाल श्रीफल से किया स्वागत

नवभारत न्यूज

मून्दी। नर्मदा नगर से इंदौर के लिए सीधी बस सेवा प्रारंभ किए जाने पर बस मालिक,ड्राइवर और स्टाफ का स्वागत फूल माला शाल -श्रीफल से किया गया।

इस अवसर पर सरपंच महेश जायसवाल, जनपद रुपाली पारौची, भाजपा नेता देशपाल सिंह तोमर, दिग्विजय सिंह तोमर, गोविन्द सिंह,बस मालिक, प्रेंशनर एसोसिएट के सभी समानीत साथीगण विधायक प्रतिनिधि संजय साहू ,राजेश जायसवाल, गोपाल पचौरी, रामणी पगारे, अबदुल्ल खान, आंनद चतुर्वेदी, श्री शुक्ला, शिवदत डोंगरे, कमलेश मसादकर, जितेंद्र जायसवाल, कैलाश जायसवाल, अमत लाल रायकवार,निलू गवई, खेमू पारोची आदि कायकर्ता नगर वाशियों ने स्वागत किया ओर खुशी जाहिर की ।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौड़ा ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा ने बुधवार को जिला पंचायत में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में डॉ. गौड़ा ने मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बी.एम.ओ. और बी.पी.एम को निर्देश दिए कि विगत तीन वर्षों में किन किन कारणों से मातृ व शिशु मृत्यु हुई हैं, उन कारणों का पता लगाकर उनकी रोकथाम के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। डॉ. गौड़ा ने बैठक में कहा कि मातृ व शिशु मृत्यु के लिए जिम्मेदार लापरवाह कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी डुडवे, डॉ. कोमल छाबड़ा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार व अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

हार जीत का दाव लगाते 10 लोग पकड़े

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 23 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 09 प्रकरणों मे 11 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 08 प्रकरण मे 12 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 06 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 30 गिरफ़्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, 49 जमानती वारंट, 60 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

थाना पदमनगर के आरोपीगण 1 .जाफर पिता रफीक उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी घासपुरा खंडवा ,2 .खलीद खां पिता रफीक उम्र 32 साल जाति मुसलमान निवासी घासपुरा खंडवा 3 .शाकीर पिता शरीफ गौरी उम्र 39 साल निवासी गुलमोहर कालोनी खंडवा 4 .बिलाल पिता ईस्माईल उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी ईमलीपुरा खंडवा, अन्य दो व्यक्ति हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाये गये जिनके कब्जे से कुल नगदी 1560 रूपये व 52 ताश के पत्ते फड व कब्जे से जप्त किये गये। आरोपीगण 1 .जफर पिता रेहमान कुरैशी उम्र 19 साल जाति मुसलमान निवासी ईमलीपुरा खंडवा, 2 .मोसिन पिता नाईन उम्र 20 साल जाति मुसलमान निवासी ईमलीपुरा खंडवा, 3 . रिजवान पिता अबार उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी ईमलीपुरा खंडवा, 4 . राजा पिता एलप्पा उम्र 55 साल जाति गवली निवासी मानसिंग मिल खंडवा हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाये गये जिनके कब्जे से कुल नगदी 1490 रूपये व 52 ताश के पत्ते फड व कब्जे से जप्त किये गये। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

थाना धनगाँव के आरोपी अखिलेश पिता कोमल मोर्य जाति राजपुत उम्र 43 साल निवासी खेडी बुजुर्ग के कब्जे से सट्टा उपकरण व नगदी 1035/-रूपए जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 4क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ा

अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए। थाना पिपलोद के आरोपी मनोज पिता हीरालाल मुहारे उम्र 30 साल जाति बलाई निवासी ग्राम रामपुरा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1500/-रूपए की जप्त की गई। आरोपी दुकलाल उर्फ दुलिया पिता अनारसिंग जाति बारेला उम्र 27 साल निवासी ग्राम डेहरिया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1500 /-रूपए की जप्त की गई। आरोपी राजकुमार पिता धन्नालाल जाति लोढा उम्र 35 साल निवासी ग्राम पिपलोद के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1500 /-रूपए की जप्त की गई। थाना मूँदी के आरोपी शिवशंकर पिता राधेश्याम जाति बलाई उम्र 29 साल निवासी ग्राम गुयडा के कब्जे से 08 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 640/-रुपए की जप्त की गई । थाना धनगांव के आरोपी सुखलाल पिता इन्दरसिह भीलाला उम्र 25 साल निवासी लखनगांव पटेल मोहल्ला थाना जावर जिला खंडवा के कब्जे से 14 लीटर हाथ भटटी कच्ची महुआ शराब कीमती 1400/-रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

वाहन चालकों के विरुद्ध एम .व्ही . एक्ट के तहत कार्रवाई

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 38 वाहन चालकों के विरुद्ध एम .व्ही . एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 15700/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

कृषि विभाग के दल ने निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

खंडवा । कृषि विभाग के जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा बुधवार को जिले के उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

उपसंचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि दल ने जिन दुकानों का निरीक्षण किया उनमें विपुल ट्रेडिंग कं, रजत कुमार विनोद कुमार, खंडेलवाल मार्केटिंग, खंडेलवाल कृषि बीज भंडार, यस फर्टीलाइजर्स खण्डवा, रवि एग्रो एजेंसी मूंदी, अम्बिका एग्रो एजेंसी मूंदी, चंद्रवंशी कृषि सेवा केंद्र मुंदी, जैन कृषि सेवा केंद्र बीड़ का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर बिल बुक, बिल फ़ाइल, स्टॉक रजिस्टर, भौतिक स्टॉक आदि का निरीक्षण और सत्यापन किया गया। संचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि निरीक्षण में कमी पाये जाने पर रजत कुमार विनोद कुमार तथा खंडेलवाल कृषि बीज भंडार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

सद्भावना मंच ने किया महान क्रान्तिकारी आजाद एवं लोकमान्य तिलक को नमन

नवभारत न्यूज

खंडवा। सद्भावना मंच सदस्यों व्दारा देश के महान क्रान्तिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती पर उनके व्दारा देश की आज़ादी में दिये गये योगदान को याद कर नमन किया गया।

यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने। उन्होंने कभी अपने प्राणों की परवाह नहीं की। वही डा. चौरे ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एक भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक काल में उन्होंने भारतीय स्वतन्त्रता के लिये नये विचार रखे और अनेक प्रयत्न किये। श्री गीते ने कहा कि लोकमान्य तिलक का नारा आजादी मेरा जन्म सिध्द अधिकार है, जो मैं लेकर रहूगा ने भारतीय जनता के दिलों में आजादी की चिंगारी का काम किया।

इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, केबी मंसारे, गणेश भावसार, एनके दवे, राधेश्याम शाक्य, अशोक पारवानी, निर्मल मंगवानी, कमल नागपाल, राजेश पोरपंथ, अर्जुन बुंदेला, आकांक्षा सिसोदिया ,दिलीप गंगराडे, मनीष गुप्ता, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सदस्यों ने दोनों महान क्रांतिकारी सैनानियों को अपने विचारों के माध्यम से नमन किया।

जागरूकता विद्यालय में फायर सेफ्टी विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अग्नि सुरक्षा विषय पर छात्रों को दी प्रशिक्षण जानकारी

नवभारत न्यूज

खंडवा। नगर निगम खंडवा के सहयोग से श्री रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट विद्यालय में फायर सेफ्टी विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता लेक्चर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अग्नि से संबंधित दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षा उपायों एवं आपातकालीन स्थितियों में उचित प्रतिक्रिया देने हेतु प्रशिक्षित करना था।

इस अवसर पर फायर सेफ्टी ऑफिसर कार्तिक जैन द्वारा विस्तार से फायर सेफ्टी के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। लेक्चर के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।

अग्नि के प्रकार एवं उनके कारण: विद्युत, रसायन, रसोई गैस इत्यादि। फायर अलार्म और सुरक्षा उपकरणों की जानकारी: फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम आदि का उपयोग कैसे करें। तीन महत्वपूर्ण तत्व (अग्नि त्रिकोण): ईंधन, ऑक्सीजन और ताप—इनके नियंत्रण से आग को कैसे रोका जा सकता है।

आपातकालीन निकासी योजना (Evacuation Plan): स्कूल और घर में सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया। संभावित जोखिमों की पहचान एवं समय रहते सजगता।

'स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल' तकनीक की लाइव डेमो—यदि कपड़े में आग लग जाए तो कैसे बचाव करें।फायर एक्सटिंग्विशर का लाइव प्रदर्शन: CO2 और वाटर बेस्ड फायर एक्सटिंग्विशर को कैसे ऑपरेट करें।

छात्रों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने विषय से संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान कार्तिक जैन द्वारा सरल भाषा में दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। यह आयोजन स्वच्छता एवं सुरक्षा अभियान के अंतर्गत किया गया,जिसमें विद्यालय स्टाफ,नगर निगम अधिकारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

नगर निगम खंडवा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से शहर के युवाओं को न केवल पर्यावरणीय व स्वच्छता विषयों में,बल्कि आपदा प्रबंधन और सुरक्षा विषयों में भी जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।